प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 25.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

...................

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती आज सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शासन सचिवालय में श्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित कर अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। श्री शर्मा ने कहा कि सुशासन एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसके केन्द्र में योजनाओं की सफल क्रियान्विति से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारे राज्य के पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक–केंद्रित प्रशासन का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाजपेयी का जीवन दर्शन हमें सिखाता है कि शासन और प्रशासन का ध्येय जनसेवा होना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि शासन सचिवालय के माध्यम से करोड़ों राजस्थानियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि यहां हर व्यक्ति को समस्या का त्वरित और बेहतर समाधान मिले। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को मुख्यमंत्री निवास पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री का आज राज्य स्तरीय रोजगार मेला कार्यक्रम में हिस्सा लेने का भी कार्यक्रम है। इस मौके पर प्रदेश में विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। भीलवाडा जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित कर सुशासन पखवाडा के रूप में मनाया जा रहा है। पाली में सुशासन दिवस की कडी में सांसद खेल महोत्सव में जिला कलेक्टर एल एन मंत्री द्वारा जनप्रतिनिधियों, खिलाडियों और आमजन को सुशासन की शपथ दिलाई गई। झुंझुनूं जिले के चिडावा में नगर पालिका परिषद में श्री वाजपेयी की चित्र पर माल्यार्पण कर सुशासन दिवस मनाया गया। हनुमानगढ में जिला कलक्ट्रेट में जिला कलेक्टर सहित जिलास्तरीय अधिकारियों ने श्री वाजपेयी को पुष्पंजलि अर्पित की।

...................

पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की जयंती पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में सदैव अटल पर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन वर्तमान और पूर्व सांसदों ने संसद परिसर में श्री वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। संविधान सदन में गणमान्य व्यक्तियों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

...................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से देश भर में हजारों प्रतिभाशाली खिलाडी उभर रहे हैं। आज वर्चुअल माध्यम से सांसद खेल महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका दायरा और प्रभाव, दोनों ही काफी बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि यह खेल महोत्सव युवा विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों के माध्यम से हार–जीत से परे और खेल भावना, युवाओं के विकास में योगदान देती है। उन्होंने कहा कि ये सक्षम और अनुशासित युवा ही राष्ट्र के निर्माण में सहयोग देते हैं।

...................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज क्रिसमस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि यह त्योहार मानवता के कल्याण के लिए प्रभु यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण कराता है। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि यीशु मसीह की शिक्षाएं समाज में स्थायी शांति को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज क्रिसमस पर नई दिल्ली में कैथेड्रल चर्च में विशेष प्रार्थना सभा में भाग लिया। इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यीशु मसीह के प्रेम, शांति और दया के भाव को सदैव जागृत रखें।

...................0

मौसम में उतार चढाव के बीच एक बार फिर प्रदेश में सर्दी के तेवर तीखे हो रहे हैं। पिछले 24 घंटों में सबसे कम न्यूनतम तापमान 1 दशमलव 6 डिग्री शेखावाटी में रिकॉर्ड किया गया। नागौर में 1 दशमलव 9,

सीकर में 3, लूणकरणसर में 3 दशमलव 5, दौसा में 4 दशमलव 4, करौली में 4 दशमलव 6, चूरू में 4 दशमलव 9, अलवर में 5, वनस्थली में 5 दशमलव 2, पाली और झुंझुनूं में 5 दशमलव 7, अजमेर और सिरोही में 6 दशमलव 5, भीलवाडा में 7 दशमलव 6, श्रीगंगानगर में 8 दशमलव 1, कोटा में 8 दशमलव 2, जोधपुर में 9 दशमलव 2, बीकानेर में 9 दशमलव 4 और राजधानी जयपुर में 8 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों में पारे में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। वहीं आगामी तीन दिनों में कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने के आसार है।

...................